**सपोर्ट फॉर स्टैटिस्टिकल स्ट्रेंथनिंग(एस0एस0एस0) योजनान्तर्गत अपर मुख्य सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित राज्य कार्यान्वयन समिति (SIC) की बैठक दिनांक 29–11–2018 का कार्यवृत्त।**

दिनांक 29–11–2018 को 11.00 बजे पूर्वान्ह में अपर मुख्य सचिव, नियोजन, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में **राज्य कार्यान्वयन समिति**की आयोजित बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

1–श्रीमती नीना शर्मा, सचिव/निदेशक, नियोजन विभाग/अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

2–श्री आर0एन0एस0 यादव, विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

3–डा0 गोमती द्विवेदी, वित्त नियंत्रक, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ(नामित प्रतिनिधि, प्रमुख सचिव, वित्त)।

4–श्री ऋषिकेश दुबे, संयुक्त सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

5–श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय, अपर निदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

6–डा0 दिव्या सरीन मेहरोत्र, संयुक्त निदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

7–श्री विनोद कुमार, उपनिदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

बैठक के प्रारम्भ में अपर निदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा एस0एस0एस0 योजना के स्वरूप से समिति को अवगत कराते हुए संज्ञान में लाया गया कि योजनान्तर्गत वर्तमान में रू0 7.01 करोड़ की धनराशि राज्य सरकार/प्रभाग स्तर पर उपलब्ध है। उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष योजनावधि के अन्तर्गत प्रथमतः कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों का विवरण अपर निदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा समिति के विचारार्थ क्रमवार प्रस्तुत किया गयाः–

**1–मानव संसाधन विकासः**

मानव संसाधन विकास मद के अन्तर्गत उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किये गयेः–

(क) शिक्षित एवं पात्र बेरोजगार युवकों/युवतियों को चार दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण पूर्व वर्षों में आयोजित किया गया तथा वर्तमान में भी सम्बन्धित संस्थान के माध्यम से कराये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

(ख) अर्थ एवं संख्या प्रभाग में नव–नियुक्त सहायक सांख्यिकीय अधिकारियों हेतु 21 दिवसीय इन्डक्शन ट्रेनिंग पूर्व वर्षों में आयोजित किया गया था। तत्क्रम में भविष्य में नियुक्त होने वाले सहायक सांख्यिकीय अधिकारियों हेतु 21 दिवसीय इन्डक्शन ट्रेनिंग सम्बन्धित संस्थान से आयोजित किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसपर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी। समिति द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि गिरि विकास अध्ययन संस्थान, लखनऊ के अतिरिक्त प्रशिक्षण प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, कालाकांकर भवन, लखनऊ तथा गोविन्द बल्लभ पन्त सामाजिक विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद से भी प्रस्ताव प्राप्त कर इन्डक्शन ट्रेनिंग आयोजित कराये जाने पर विचार कर लिया जाय।

(ग) राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिलब्ध संस्थानों से उनके कलेण्डर के आधार पर प्रशिक्षण की तिथि/अवधि का निर्धारण कर अर्थ एवं संख्या प्रभाग के कार्मिकों/अधिकारियों हेतु विशिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु नामित किये जाने पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

**2–स्टैटिस्टिकल एप्लीकेशन–**

(क) पूर्वानुमोदित ऑफ लाइन/ऑन लाइन डेटा इन्ट्री हेतु यूपीडेस्को द्वारा विकसित साफ्टवेयर हेतु यूपीडेस्को को कार्य पूर्ण की स्थिति में अवशेष धनराशि रू0 31.72 लाख के भुगतान हेतु समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

(ख) उक्त के अतिरिक्त अपर निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित स्टेट हाई लेवल स्टीयरिंग कमेटी की बैठक दिनांक 25–05–2018 में निर्देश दिये गये कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से जी0आई0एस0 आधारित सांख्यिकीय कार्यों/उत्पादों/क्रियाकलापों से सम्बन्धित पोर्टल विकास सम्बन्धी सुसंगत प्रस्ताव को एस0एस0एस0 योजना में सम्मिलित कर लिया जाय। तत्क्रम में समिति को अवगत कराया गया कि रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन सेन्टर से रू0 4.00 करोड़ का प्रस्ताव प्राप्त है, परन्तु सम्बन्धित मद में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध नहीं है। समिति द्वारा निर्णय

लिया गया कि रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन सेन्टर, लखनऊ से प्राप्त प्रस्ताव के क्रम में सम्बन्धित मद में उपलब्ध धनराशि के दृष्टिगत सम्बन्धित संस्थान को उनके समयबद्ध माँग अनुसार धनराशि उपलब्ध कराये जाने पर कार्यवाही की जाय।

**3-Implementation of recommendations of technical groups/Bodies for filling up existng, expected/emerging data gaps**

(क) उक्त के अन्तर्गत **राज्य/जिला अनुमानों** को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रस्तावित 8 चिन्हित विषयों पर पूर्व में जारी आर0एफ0पी0 के सापेक्ष विभिन्न संस्थानों से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर एवं आर0एफ0पी0 में वर्णित शर्तों के अधीन अध्ययन कराये जाने पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

**4-Advocacy issues viz, publicity, IEC to improve statistical product & services**

(क) उक्त के अन्तर्गत **वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण तथा औद्योगिक उत्पादन सूचकांक** से सम्बन्धित कारखाना मालिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद गौतमबुद्धनगर, कानपुर तथा वाराणसी में एक–एक सेन्सटाइजेशन कार्यशाला के आयोजन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इस क्रम में सम्बन्धित शहरों में उद्योगों के एसोसिएशन यथा–Noida Enterpreneur Association, IIAआदि के माध्यम से कार्यशाला आयोजित कराये जाने पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

**(ख) अर्थ एवं संख्या प्रभाग के प्रकाशनों/हैण्डबुक/रिपोर्टों के डिजिटलाइजेशन**–प्रभाग में वर्ष 1961 से विभिन्न प्रकार के प्रकाशन हो रहे हैं, जो काफी पुराने हो गये हैं। ऐसी स्थिति में इन्हें डिजिटलाइज कराकर साफ्ट रूप में रखे जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्ताव के क्रम में अप्ट्रान पावरट्रानिक्स/यूपीडेस्को या अन्य उपयुक्त संस्थाओं के माध्यम से कराये जाने पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

5–अपर निदेशक, अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा समिति के समक्ष अनुरोध किया गया कि उक्त कार्यों के अतिरिक्त एम0ओ0यू0 में अनुमोदित कार्यों में से शेष योजनावधि एवं धनराशि की उपलब्धता के दृष्टिगत भविष्य में प्रभाग से उपयुक्त प्रस्ताव शासन के स्वीकृतार्थ प्रेषित किये जाने की अनुमति प्रदान की जाय, इस प्रस्ताव पर तद्नुसार कार्यवाही करने पर समिति द्वारा सहमति व्यक्त की गयी।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

31/12/18

(आर0एन0एस0 यादव)
विशेष सचिव,
नियोजन विभाग,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

उ0प्र0 शासन
नियोजन अनुभाग–4
संख्या–1336/35–4–2018
लखनऊ दिनॉक 31 दिसम्बर, 2018

**प्रतिलिपि** सम्बन्धित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,
(देशराज सिंह) 31/12/18
उप सचिव,
नियोजन विभाग,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।